तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024

10 मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा त्योहार के अंतिम दिन...



08 नवा रायपुर में आज से राज्योत्सव की धूम बॉलीवुड ...





# जहां जरूरत नहीं थी, वहां जीर्णोद्धार के नाम पर की फालसिलिंग, अब वहीं से आने लगा सीपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिस कमरे में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया, उस कमरे में पहले बच्चे बैठते थे। लेकिन, वहां जीर्णोद्धार के बाद कमरे की स्थिति ऐसी हो गई कि, दुर्घटना की आशंका से शिक्षकों ने उसमें बच्चों को बैठाना ही बंद कर दिया। यहां मरम्मत के नाम पर इंटीरियर का कार्य कर राशि का दुरुपयोग कर दिया गया।


मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला देवरी (क) का है। यहां मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से 2.10 लाख की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया। कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया। प्राथमिक शाला देवरी (क) में जिस कमरे में मरम्मत कार्य किया गया है, वहां कमरे में मरम्मत के नाम पर टाइल्स, पुट्टी रंग रोगन के साथ फालसिलिंग कर दी गई। शिक्षकों ने बताया कि हमने बहुत कहा कि क्लास रूम है, यहां फालसिलिंग न कराकर दूसरे कमरे की उखड़ रही फ्लोरिंग की जगह टाईल्स लगा दी जाए, लेकिन ठेकेदार व विभाग ने नहीं सुना।

कमरे में फालसिलिंग का कार्य कराकर राशि का दुरूपयोग किया गया। लेकिन, अब फालसिलिंग लगने के बाद से ही उखड़ले लगी है। लगाने के एक साल के भीतर ही दो बार उसकी मरम्मत करानी पड़ गई है।

## गुंडरदेही विकासखंड स्थित प्राथमिक शाला देवरी (क) का मामला

### अब वहां बच्चों को नहीं बैठाते, शिक्षक बैठते हैं

शिक्षकों ने बताया कि जिस कमरे में मरम्मत कार्य कराया गया है, वहां पहले बच्चे बैठते थे।लेकिन, मरम्मत के बाद बार-बार फालसिलिंग के प्लेट टूटकर गिर रहे थे, उसे देखते हुए व छत से पानी सीपेज को देखते हुए किसी अनहोनी की आशंका से बच्चों को अब उस कमरे में नहीं बैठाया जाता, यहां अब शिक्षक बैठते हैं।






■ अनहोनी की आशंका से उस कमरे में बच्चों को नहीं बैठा रहे शिक्षक

### कई बार पत्र लिखने के बाद की गई मरम्मत

शिक्षकों ने बताया कि स्कूल की समस्या यहीं नहीं रूकी। मरम्मत के बाद छत से जहां पहले सीपेंज नहीं आता था, वहां से सीपेज आने लगा। शिक्षकों ने बताया कि कई बार कहने व पत्र लिखने के बाद ठेकेदार ने कुछ माह पूर्व ही छत में मरम्मत कार्य कराया है। अब आने वाली बारिश में छत की स्थिति पता चलेगा।

### दो बार टूटकर गिर चुका है फालसिलिंग का टुकड़ा

प्रधान पाठक रेणुका बंजारे ने कहा कि हमने कई बार फालसिलिंग नहीं करने एवं दूसरे कमरे में टाईल्स लगाने कहा, पर ठेकेदार ने नहीं सुना।

फालसिलिंग का हिस्सा दो बार टूटकर गिर चुका है। मरम्मत के बाद भी छत से सीपेज आ रहा था। कई बार कहने के बाद अभी छत की मरम्मत की गई है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम आमटी में मातर महोत्सव आज

**अंडा।** ग्राम आमटी (पुरानी बस्ती) में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 4 नवंबर को जय छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी कुम्हारी (चम्पारण धाम) का कार्यक्रम रात्रि 10 बजे से रखा गया है। वहीं, 6 नवम्बर को जय मरादेव मरिया पूरन जस झांकी की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी देते हुए चितरंजन, तुमेश निषाद, लक्की निषाद ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 नवंबर को सुबह 12 बजे से पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया कि माह नवंबर में सभी पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र भराया जाना है, इसलिए पेंशनर अपने साथ आधार एवं पेन कार्ड की फोटो कॉपी पीपीओ नंबर, बैंक पास बुक का नंबर या फोटो कॉपी एक नवीनतम फोटो साथ लेकर आएंगे। बैठक के दौरान जीवन प्रमाण पत्र फार्म उपलब्ध रहेगा, वहीं भरकर जमा किया जा सकता है। इस कार्य के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होंगी। स्टेट बैंक शाखा बालोद में पेंशनरों हेतु एक अलग से काउंटर खोला गया है।

### चिंगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर की प्रस्तुति कल

**अंडा।** सार्वजनिक माँ लक्ष्मी उत्सव समिति ग्राम चिंगरी, जिला दुर्ग में 5 नवंबर को रात्रि 9 बजे से महादेव हिरवानी कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर कन्हारपुरी (राजनांदगांव) की प्रस्तुति होगी। समिति के भूषण देशमुख एवं अनुराग दिल्लीवार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता मनीष सेन जन सम्पर्क भाजपा युवा नेता रायपुर करेंगे। विशेष अतिथि जिपं सदस्य माया बेलचन्दन, केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल बोर्ड, टिकेश्वरी लाल देशमुख सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, पुष्पा देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी होंगे।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने को लेकर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शिवाजी चौक चरोदा निवासी राजेश यादव 28 अक्टूबर की रात संजय पटले, संजय आचार्य, राहुल राय के साथ टहल रहा था। इस दौरान रात 9.30 बजे भूतनाथ मंदिर दादर रोड चरोदा के पास पहुंचे। जहां विकास सिंह उर्फ विक्की बाइक में पहुचा और पीड़ित को देख शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने लगा।

### हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई।** हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।मिली जानकारी के मुताबिक वृंदा नगर निवासी दीपक देशमुख दीपावली के दिन अपने घर की छत पर झालर लगा रहा था। तभी घर के ऊपर से गुजर रही एक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

## अपराध : जिले के ग्राम हर्राठेमा में गोवर्धन पूजा की रात हुई घटना

# चरित्र पर संदेह, पति ने लाठी से पीट-पीटकर ले ली पत्नी की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ग्राम हर्राठेमा में चरित्र संदेह के कारण पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हर्राठेमा निवासी टम्मन गावड़े अपनी पत्नी अश्वनी बाई के चरित्र को लेकर शक करता था। इसी बात को लेकर कई बार पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। बीते शनिवार को गोवर्धन पूजा के दिन भी टम्मन गावड़े और अश्वनी बाई के बीच इन्हीं बातों को लेकर विवाद होने लगा। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित पति ने अपनी पत्नी की डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस गांव पहुंची। काफी रात हो जाने के कारण घटना स्थल, जो आरोपी का घर है, उसे सील कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर ले गई। रविवार को सुबह पुलिस की टीम गांव वापस पहुंची और आवश्यक कार्यवाही कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि हर्राठेमा निवासी अश्वनी गावड़े की हत्या के मामले में मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



### पड़ोस की महिलाओं ने किया बचाने का प्रयास

पुलिस के अनुसार पति-पत्नी गाँव में खेती किसानी के साथ रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करते थे। इनका एक छोटा बच्चा है, जो बचपन से ही अपने नाना के घर रहकर पढ़ाई कर रहा है। पड़ोसी महिला ने बताया कि मैं नवा खाई के लिए दूसरे मोहल्ले गई हुई थी। जब वापस आयी तब पड़ोसी चंद्रिका गावड़े ने बतलाया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ है। चलो घर के अंदर जाकर देखते हैं। उसके बाद जब हम जाकर देखे, तो अश्वनी गावड़े घायल अवस्था में खून से लथपथ हालत में कराह रही थी। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। उसे पानी पिलाने का प्रयास किया, लेकिन इस बीच अचानक उसकी मौत हो गई।

## मामूली बात पर बढ़ा विवाद, तीन नाबालिगों ने की युवक की हत्या

**डौंडी।** दल्लीराजहरा से आकर डौंडी में पिकनिक मनाकर नगर के राजा तालाब मार्ग पर टहल रहे युवक की मामूली बात पर डौंडी नगर के ही तीन नाबालिग लड़कों ने मिलकर हत्या कर दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 18 पुराना बाजार निवासी मेहुल कुमार साहू पिता देवलाल साहू उम्र 20 साल राजहरा से अपने पांच दोस्तों के साथ डौंडी पिकनिक मनाने आया था। खाना खाने के बाद वह राजा तालाब मेन रोड पर घूम रहा था। इस दौरान वह मार्ग किनारे की ओर देख रहा था। इससे सामने वाले एक लड़के को लगा कि व उसे घूर कर देख रहा है। इसी बात को लेकर डौंडी निवासी युवक के साथ उसका विवाद शुरू हो गया। बताया जाता है विवाद एक नहीं, बल्कि तीन जगह पर हुई। उसके बाद तीन नाबालिग लड़कों ने मेहुल साहू को पकड़कर उसके सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे युवक लहूलुहान होकर मार्ग पर गिर गया। युवक को तत्काल स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों नाबालिग आरोपियों को गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि डौंडी नगर के एक अन्य युवक रूपेश धनकर को भी राह चलते इन्हीं आरोपियों में से एक ने पत्थर मार दिया था, जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने डौंडी थाना में दर्ज कराई है।

## मधुमक्खियों के हमले में एक ही परिवार के चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली मनाने रायगढ़ से अपने ग्राम बोरिद आए देवरानी-जेठानी और दो बच्चों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के अवसर पर देवरानी-जेठानी और दो बच्चे अपने गृह ग्राम गुजरा के पास स्थित बोरिद आए हुए थे। दीपावली खत्म होने के बाद भाई दूज के दिन सुबह देवरानी जेठानी और दो मासूम बच्चे पैतृक खेत में लगे धान की फसल देखने गए हुए थे। इसी दौरान पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता दिखाई दिया।



वहीं, मधुमक्खियों सभी चार लोगों पर अचानक हमला कर दिया। सभी ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। लेकिन, इस दौरान मधुमक्खियों ने उन्हें डंक मारकर घायल कर दिया था। उन्हें इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल बालोद लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सभी की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है।

## 5 दिन में 308 जुआरी पकड़ाए एक लाख 73 हजार बरामद

**बालोद।** जिले के गिने चुने थानों को छोड़कर 11 अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 308 जुआरियों को 52 पत्ती ताश के साथ रंगे हाथों पकड़ने में सफलता पाई है। वहीं, उनके कब्जे से 1 लाख 73 हजार से अधिक रकम जब्त की गई है। इस साल दीपावली पर्व पर बीते पांच दिनों में 29 अक्टूबर से लेकर 2 नवंबर तक जिले में पुलिस प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। सबसे ज्यादा कार्रवाई बालोद, डौंडीलोहारा और गुरुर पुलिस ने की है।

इन क्षेत्रों में हुई कार्रवाई

| थाना | जुआरी | जब्त रकम |
|---|---|---|
| अर्जुन्दा | 26 | 14,700 |
| बालोद | 58 | 31,890 |
| देवरी | 4 | 1,100 |
| डौंडी | 16 | 7,800 |
| डौंडीलोहारा | 58 | 38,820 |
| गुण्डरदेही | 36 | 17,160 |
| गुरुर | 51 | 9,390 |
| मंगचुआ | 9 | 4,200 |
| राजहरा | 21 | 38,750 |
| पुरुर | 12 | 2,270 |
| सनौद | 17 | 6,975 |

## रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए सेक्टर प्रभारी बनाई गईं विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए एआईसीसी छत्तीसगढ़ सहप्रभारी एसए संपत कुमार ने मतदान केन्द्र में बूथ अध्यक्ष व सेक्टर प्रभारी व सह प्रभारी की घोषणा की है। तीनों के सेक्टर प्रभारी के रूप में बालोद विधायक संगीता सिन्हा की नियुक्ति की गई है।



इसके तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 63 महाराणा प्रताप प्राथमिक शाला सदर बाजार बूथ अध्यक्ष राजकुमार व्यास, मतदान केन्द्र क्रमांक 64 महाराणा प्रताप प्राथमिक शाला सदर बाजार बूथ अध्यक्ष हरीश कोकिला, मतदान केन्द्र क्रमांक 65 महाराणा प्रताप प्राथमिक शाला सदर बाजार बूथ अध्यक्ष आनंद किशार पांचाल को नियुक्त किया गया है। वहीं, इन तीनों के सेक्टर प्रभारी के रूप में बालोद विधायक संगीता सिन्हा की नियुक्ति की गई है। सहप्रभारी विनोद तिवारी व कमलेश नथवानी को बनाया गया है।

## मंडल चुनाव और बूथ कमेटी गठन के लिए संगठन सहयोगी व सह सहयोगी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा संगठन चुनाव की घोषणा के बाद अब राष्ट्रीय एवं प्रांतीय, जिला चुनाव अधिकारियों, सह अधिकारी की घोषणा कर दी गई है।

इसी क्रम में मंडल चुनाव एवं बूथ कमेटी के गठन के लिए प्रदेश निर्वाचन अधिकारी (संगठन) प्रदेश भाजपा खूबचंद पारख की सहमति से बालोद जिला चुनाव अधिकारी (संगठन) नीलू शर्मा ने बालोद जिला भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव 2024 के लिए मंडलवार चुनाव पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को उनके दिए गए मंडलों में संगठन चुनाव करवाने के लिए चुनाव अधिकारी एवं संगठन सहयोगी व सह सहयोगी के रूप में नियुक्त किया है। जिला चुनाव सह अधिकारी भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद राकेश यादव, लोकेश श्रीवास्तव ने बताया कि बालोद शहर मण्डल में चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र साहू, सहयोगी कमलेश सोनी, सह सहयोगी बंटी बाफना को बनाया गया है। बालोद ग्रामीण मण्डल चुनाव अधिकारी दिलीप शर्मा, सहयोगी चित्रसेन साहू, सह सहयोगी बिरेन्द्र साहू को बनाया गया है। गुरूर मण्डल चुनाव अधिकारी चेमन देशमुख, सहयोगी त्रिलोकी साहू, सह सहयोगी खेमलाल देवांगन को बनाया गया है। गुण्डरदेही मण्डल मे चुनाव अधिकारी कृष्णकांत पवार, सहयोगी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, सह सहयोगी कुलदीप साहू को बनाया गया है। अर्जुन्दा मण्डल में चुनाव अधिकारी यशवंत जैन, सहयोगी पवन सोनवर्शा, सह सहयोगी कमलेश पाण्डेय को बनाया गया है। खेरथा मण्डल चुनाव अधिकारी राकेश यादव, सहयोगी हरिश कटझरे, सह सहयोगी विवेक वैष्णव को बनाया गया है। डौण्डीलोहारा मण्डल में चुनाव अधिकारी यज्ञदत्त शर्मा, सहयोगी रूपेश सिन्हा, सह सहयोगी महावीर साहू को बनाया गया है। दल्लीराजहरा मण्डल में चुनाव अधिकारी पवन साहू, सहयोगी महेन्द्र पिपरे, सहसहयोगी महेन्द्र सिंह को बनाया गया है। डौण्डी मण्डल में चुनाव अधिकारी प्रीतम साहू, सहयोगी सोमेश साहू, सह सहयोगी रामनारायण धनकर को बनाया गया है।

■ भाजपा के बालोद जिला चुनाव अधिकारी (संगठन) नीलू शर्मा ने जारी की सूची



### तिलखैरी में नाचा कार्यक्रम आज

**अंडा।** समीपस्थ ग्राम तिलखैरी में विगत वर्षों की भांति धनतेरस से मातर तक लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया। नवयुवा लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पं नीलेश्वर महराज (देवरी) के मार्गदर्शन में कार्यक्रम श्रद्धा पूर्वक पूर्ण हुआ। लक्ष्मी उत्सव के उपलक्ष्य में 4 नवंबर को गोपाल बलराम नाच पार्टी निपानी (बालोद) वालों का रात्रिकालीन नाचा कार्यक्रम रखा गया है। लक्ष्मी उत्सव के सफल संचालन में तामेश्वर यादव, बिरझूराम निषाद, रोमलाल निषाद, नाथूराम ठाकुर, बबलू साहू, गंगाप्रसाद यादव, टामनलाल यादव, टीकू साहू का विशेष सहयोग रहा।

## गोवर्धन पूजा पर गायों को लेकर समाज के वरिष्ठ जनों ने जताई चिंता

# गौ माता का दूध सभी लोग पीना चाहते हैं, लेकिन उनका पालन-पोषण करने से कतराते हैं : पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गोवर्धन पूजा कृषकों के लिए गौवंश के प्रति अगाध श्रद्धा को प्रकट करता है। इसमें किसान एवं ग्वाला एकजुट होकर सार्वजनिक गोबर का टीका मस्तक पर लगाकर एक दूसरे का अभिवादन करते हैं। गोधन की खिचड़ी खिलाकर, सोहई बांधकर आरती पूजा करते हैं, गोवर्धन पूजा पर एक विचार गोष्ठी गौवंश से आर्थिक समृद्धि का आयोजन किया गया। सेवानिवृत शिक्षक पुनीत राम साहू ने कहा कि द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं ग्वाला बनाकर गौ माता का संवर्धन किया। रामायण में भी धेनु शब्द से संबोधित किया गया। गौवंश हमारी ऋषि संस्कृति की देन है। आज गौ वंश पर संकट दिखाई दे रहा है। ऐसे में शासन-प्रशासन को भी गोपालक योजना बनानी चाहिए।



उन्नत कृषक पुरुषोत्तम साहू ने कहा कि गाय को वैदिक काल से माता का दर्जा प्राप्त है, जिसे आवारा पशु कहना गौ माता का अपमान है। सभी व्यक्ति गाय का दूध दही खाना चाहते हैं, लेकिन पालने से कतराते हैं। गाय के दूध दही में ही तंदुरुस्ती का राज है।

### केवल पैरा-भूसा खाकर अमृत रूपी दूध देती है गाय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख गोविंद साहू ने कहा कि गौ माता की सेवा से आरोग्य का संबंध जुड़ा हुआ है। गोबर गोमूत्र जैविक खाद के साथ स्वास्थ्य उपचार में भी महती योगदान है। केवल छिलका, पैरा, भूसा खाकर अमृत रूपी दूध देने वाली गाय मां से भी बढ़कर है। पर्यावरण प्रेमी केशव राम साहू ने कहा कि गोवर्धन पूजा गौ माता के प्रति आस्था का पर्व है, जिसमें 33 कोटी देवी देवता का वास है। उनके दूध से लेकर गोबर तक हमारे जीवन एवं पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है।

### सैकड़ों दीप जलाकर राज्य स्थापना दिवस की मनाई खुशी

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा आदेशित किया गया था कि राज्य स्थापना दिवस दीपोत्सव के माध्यम से मनाया जाए। आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि हमारे छत्तीसगढ़ हमारे लिए बड़े खुशी की बात है कि हमारा राज्य 1 नवंबर को हम सब लोग राज्य का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी खुशी में नगर नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में सुंदर लाइटिंग किया जाए। दीप उत्सव के माध्यम से दीप प्रज्वलित किए जाएं। 1 नवंबर को संध्या 6 बजे निगम के मुख्य कार्यालय में सब एकत्रित हुए।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

श्री
।। पितृ कृपा ।।
बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
ग्रेनाइट मार्बल टाईल्स कोटा स्टोन तुलसी चौरा मार्बल मंदिर

## खबर संक्षेप

### शिक्षा की रोशनी से समाज को करें रोशन



**रायपुर।** दीपावली त्योहार पर उत्कल समाज द्वारा दीपावली मिलन जुहार भेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर जनता कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता, सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, जरूरी नहीं रोशनी चिरागों से हो, शिक्षा से भी घर, परिवार और समाज रोशन होता है। मानव जीवन में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि रहा है, जो मनुष्य की बुद्धि के विकास के साथ ही सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आगे कहा, ग़रीबी, बेरोजगारी, भेदभाव, उपेक्षा आदि तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्कल समाज आज ईमानदारी के साथ मेहनत और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ रहा है। साथ ही साथ राजधानी और प्रदेश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। दीप पर्व के इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर समाज को शिक्षित और संगठित करने का संकल्प लें, जिससे हमारा हर दिन दिवाली और होली हो, समाज हमारा रोशन और रंगीन हो। कार्यक्रम में नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी, रुक्मिणी बारीक, शंकर तांडी, सोमवारू नायक, चम्पा नायक, दिलीप बारीक, परस तांडी सहित बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे।

### घायल को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में घायल को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएमसी 16 पुराना शिव मंदिर कॉलोनी वैशाली नगर सुपेला भिलाई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी शुभम जैन आत्मज सुभाष चंद जैन की विगत 07 दिसंबर 2022 को ष्टक्कर मारो और भाग जाओ मोटर दुर्घटना होने से घोर उपहति होने की पुष्टि की गई। घायल के प्रतिकर के रूप में कलेक्टर द्वारा शुभम जैन को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## निधन

### ईशु साहू

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम मोखा निवासी ईशु साहू 45 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे दुर्गा प्रसाद साहू की धर्मपत्नी व लक्ष्मी साहू की माता थीं।



### // आम ईश्तेहार //

**ईश्तेहारदाता-** ऊषा आस्टिकर पति दीपक आस्टिकर उम्र 61 वर्ष, जाति साहू पता- वार्ड नं. 19, सुभाष चौक दल्ली राजहरा, जिला- बालोद (छ.ग.)

यह कि मुद्दा ईश्तेहारदाता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे पूर्व पति की ओर से एक लड़का है जिसका हनी आस्टिकर है। मेरा पूर्व पति मुझे को छोड़कर कहीं चला गया, जिसका अब तक कोई अता पता नहीं होने से मैंने दुसरा विवाह कर ली है। मेरे पूर्व पति का लड़का हनी आस्टिकर जो कि विवाहित है तथा अपनी पत्नी निकहत सफा आस्टिकर मेरे घर वार्ड न. 19 में रहते हैं। वार्ड नं. 19 में स्थित आवास जिसमें मैं रहती हूँ यह मेरी सम्पत्ति है तथा नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में मेरे नाम पर दर्ज है। हनी आस्टिकर और उनकी पत्नी निकहत सफा आस्टिकर को मैं अपने घर से बेदखल करती हूँ तथा आज दिनांक 21/10/2024 के पश्चात उनसे मेरा किसी प्रकार का कोई रिश्ता नहीं रहेगा। मेरे नहीं रहने के बाद ये दोनों मेरी सम्पत्ति पर किसी प्रकार का हक व अधिकार नहीं रख सकेंगे। यदि हनी आस्टिकर और उनकी पत्नी निकहत सफा आस्टिकर किसी अन्य व्यक्ति से किसी प्रकार का लेनदेन करते या मेरे नाम का उपयोग करते है तो वह नाजायज व गैर कानूनी माना जायेगा।

अतः दिनांक 21.10.2024 को मैनें यह आम ईश्तेहार जारी कर हनी आस्टिकर और उनकी पत्नी निकहत सफा आस्टिकर अपने धन सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ।

दिनांक 21.10.2024 ईश्तेहार दाता उषा आस्टिकर

## समापन में आएंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्य अलंकरण समारोह में होंगे शामिल

# नवा रायपुर में आज से राज्योत्सव की धूम बॉलीवुड के साथ बिखरेगी छत्तीसगढ़िया संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना को लेकर इस साल राज्योत्सव का मुख्य आयोजन 4 से 6 नवंबर तक नवा रायपुर में किया जाएगा। राज्योत्सव का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। शाम 6 बजे से 7.15 बजे तक उद्घाटन समारोह आयोजित है। अंतिम दिन राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

राज्योत्सव कार्यक्रम नवा रायपुर के ग्राउंड में आयोजित है। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रमुख विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। निजी संस्थानों और पीएसयू संस्थानों के लिए भी हैंगर बनाया जाएगा। कृषि और जल संसाधन विभाग की भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में विभागों की नई योजनाएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। राज्योत्सव आयोजन स्थल पर शिल्पग्राम, फूड कोर्ट भी बनाया जाएगा। यहां ट्राइबल फूड भी उपलब्ध होंगे और बच्चों के लिए फन पार्क भी बनाया जाएगा, जहां विभिन्न झूले होंगे।

- तीन दिन मचेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, बॉलीवुड के गायक होंगे आकर्षण का केंद्र



### जिलों में 5 को आयोजन

राज्य सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि जिला मुख्यालयों पर 5 नवंबर को एक दिन कार्यक्रम का आयोजित किया जाए। इसमें विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी और स्थानीय कलाकारों की परफार्मेंस होगी। 1 से 6 नवंबर तक जिला मुख्यालयों के सभी सरकारी दफ्तरों में रोशनी की जाएगी। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसदों, विधायक, जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि शामिल होंगे।

### फिल्म जगत के ये गायक होंगे आकर्षण के केंद्र

राज्योत्सव में फिल्म जगत के विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें सांस्कृतिक संध्या के लिए बॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम होगा। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन और 6 नवंबर की शाम इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

### पवनदीप और अरुणिता का कार्यक्रम 6 को

6 नवंबर को शाम 5 से 6 बजे तक अनुराग स्टार नाइट होगी, जिसमें आर्टिस्ट अनुराग शर्मा प्रस्तुति देंगे। 6 से 7.55 बजे तक राज्य अलंकरण समारोह, 7.55 से 8.15 बजे तक इंडियाज गॉट टैलेंट के आर्टिस्ट मलखंब की प्रस्तुति, रात 8 से 8.45 बजे तक जादू बस्तर आर्टिस्ट सवि श्रीवास्तव प्रस्तुति देंगे। अंत में रात 8.45 से इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन और अरुणिता की परफॉर्मेंस होगी।

### पहले दिन ये कलाकार देंगे प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर से राज्योत्सव की शुरुआत हो रही है। 3 दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की पूरी सूची जारी कर दी गई है। कार्यक्रम में लोक कलाकारों के साथ ही बॉलीवुड के सिंगर शान भी प्रस्तुति देंगे। उद्घाटन से पूर्व शाम 4.30 से 5 बजे तक 12 लोकनृत्य झलकियां, आर्टिस्ट रिखी क्षत्रिय अपनी प्रस्तुति देंगे। 5 से 5.30 बजे तक आदिवृंदम आर्टिस्ट महेंद्र चौहान और ग्रुप और 5.30 बजे से 6 बजे तक क्षेत्रीय नृत्य, संगीत आर्टिस्ट सुनील सोनी और ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। उद्घाटन समारोह के बाद 7.15 से 7.45 तक नाम रामायण आर्टिस्ट विद्या वर्चस्व की प्रस्तुति के बाद शाम 7.45 से बॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता अपनी प्रस्तुति देंगे।

### दूसरे दिन प्लेबैक सिंगर नीति मोहन

5 नवंबर को शाम 5 से 5.30 तक सांस्कृतिक लहरगंगा आर्टिस्ट पुराणिक साहू प्रस्तुति देंगे। 5.30 से 6 बजे तक लोकधुन आर्टिस्ट सुरेंद्र साहू, भोला यादव ग्रुप, 6 से 6.30 तक द मून लाइट रागा, आर्टिस्ट रोहन नायडू और ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। 6.30 से 7.30 बजे तक राज्यपाल की मौजूदगी में मंचीय कार्यक्रम होगा। 7.30 से 8 बजे तक राजेश अवस्थी का गायन, 8 बजे से 8.30 बजे तक लोक गायन आरू साहू की प्रस्तुति और रात 8.30 से प्लेबैक सिंगर नीति मोहन की परफॉर्मेंस होगी।

## सीएम साय बोले- कांग्रेस की नीति और नीयत उनके वादों की तरह ही नकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, झूठ बोलने और झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज यह सच्चाई स्वीकार कर ही ली कि उनकी पार्टी द्वारा किए गए तमाम लोक-लुभावन वादे फर्जी होते हैं।



कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होती हैं। पिछली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी कोई वादा पूरा नहीं कर जनता के साथ विश्वासघात किया था। जनता ने काठ की उस हांडी को दुबारा नहीं चढ़ने दिया। कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से आउट कर दिया। कांग्रेस जहां भी होती है, वहां भरोसे का संकट पैदा कर देती है, विश्वास की हत्या करती है। जबकि भाजपा में 'मोदी गारंटी' का मतलब ही होता है, गारंटी पूरी होने की गारंटी है। हमारी भाजपा सरकार ने मात्र 10 महीने में मोदी की गारंटी के अनेक प्रमुख वादों को पूरा किया है। हमने जो कहा, उससे अधिक करने की कोशिश हमेशा की है।

### खड़गेजी ने ठगी को स्वीकारा

खड़गेजी ने कर्नाटक के संदर्भ में उतना ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें वाला बयान देकर कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। खड़गेजी ने कांग्रेस की ठगी को स्वीकार कर वस्तुस्थिति से देशवासियों को अवगत कराया है। खड़गेजी को अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए परिवार विशेष का मोहरा बनने से अब इंकार कर देना चाहिए।

## पूर्व मंत्री सत्यनारायण के सम्मान में 8 को समारोह

**रायपुर।** सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को राजधानी में भव्य समारोह रखा गया है। इसमें सीएम विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत देशभर से 100 प्रभावशाली ब्राह्मण शख्सियतें शिरकत करेंगी। साथ ही समाज के 55 से ज्यादा घटक भी यहां अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। लोकाभिनंदन समारोह से पहले फाउंडेशन द्वारा श्री शर्मा की भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से क्षेत्र के कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने सार्वजनिक जीवन के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन (जोन 13) ने लोक अभिनंदन समारोह रखा है। यह कार्यक्रम नवा रायपुर में एयरपोर्ट के सामने जैनम मानस भवन में होगा। इसकी शुरुआत 8 नवंबर को शाम 6 बजे से होगी। इसमें विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा समेत समाज की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

## मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर बनाएंगे आईटी टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट पार्किंग के ऊपरी तल पर बीपीओ सेंटर और को-वर्किंग सेंटर को मिलाते हुए एक हजार सीटर आईटी टॉवर बनाया जाएगा। इस टॉवर के बनने से स्टार्टअप में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को एक छत के नीचे अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकेगा। 20 हजार वर्गफीट स्पेस में आईटी इनोवेशन टॉवर का इंफास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। सोमवार को टेंडर खोला जाएगा। वहीं इस प्रोजेक्ट के संचालन के लिए नगर निगम ने एजेंसी तय कर ओपन-वे जीआर टेक्नो एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया है, चयनित एजेंसी 5 साल तक आईटी इनोवेशन टॉवर का संचालन व संधारण कार्य करेगी। नगर निगम द्वारा तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक प्रदेश के नवउद्यमी युवाओं के लिए 1000 सीटर आईटी इनोवेशन टॉवर बनाया जाएगा। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इंफास्ट्रक्चर तैयार करने निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया, 3 एजेंसियों ने निविदा भरने में रुचि दिखाई।

## बस्तर ओलंपिक का आगाज 5 से, डेढ़ लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो और मस्कट का अनावरण किया। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के दो प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, बस्तर की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और वहां की जनता का शासन से मजबूत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 5 नवंबर से 10 दिसंबर तक बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित वर्चुअल बैठक में बस्तर ओलंपिक की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खिलाड़ियों के रहने, भोजन, सुरक्षा और चिकित्सा की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




### शुभंकर में बस्तर की परंपरागत पहचान

तैयार किए गए प्रतीक चिन्ह के बायीं एव दायीं ओर बस्तर क्षेत्र के ख्यातिप्राप्त परंपरागत वाद्ययंत्र 'तुरही' को दर्शाया गया है। तुरही बस्तर क्षेत्र के मड़ई-मेलों में देवी-देवताओं के सम्मान में बजाई जाती है। गांव में सभी को सूचना देने भी इसका उपयोग किया जाता है। साथ ही क्षेत्र के खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने ओलंपिक खेल विधा तीरंदाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, फुटबॉल एवं वालीबॉल के लघु चिन्ह को दर्शाया गया है। लोगो के नीचे की ओर बस्तर क्षेत्र में प्रचलित स्थानीय भाषा-बोली 'गोंडी' में 'करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर' स्लोगन लिखा गया है, जिसका हिंदी में अनुवाद 'खेलेगा बस्तर, बढ़ेगा बस्तर' होता है।

### 1.65 लाख ने कराया पंजीयन

बस्तर में खेल काफी लोकप्रिय हैं, यही कारण है कि ओलंपिक खेलों के लिए अपेक्षा से अधिक 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है, जो यह दर्शाता है कि इस क्षेत्र के लोग भी शांति चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं।

### वनभैंसा और पहाड़ी मैना बने शुभंकर

शुभंकर (मस्कट) बस्तर ओलंपिक 2024 के शुभंकर में 'वनभैंसा एवं पहाड़ी मैना' को मुख्य रूप से दर्शाया गया है। वनभैंसा राज्य का राजकीय पशु तथा पहाड़ी मैना राजकीय पक्षी है। यह शुभंकर वन्यजीव संरक्षण के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### समितियों का गठन

अधिकारियों ने बताया कि विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर पर आयोजन समितियों का गठन किया जा चुका है। सभी संबंधित विभागों ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। राजधानी से लेकर बस्तर संभाग मुख्यालय, जिला मुख्यालयों तथा विकासखण्डों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि बस्तर क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा इसमें भाग ले सकें।

## पर्व में सोने और चांदी के भाव ने तोड़ी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इस साल सोना और चांदी ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार चांदी की कीमत एक लाख के पार हो गई है। इसी के साथ सोना अब 80 हजार से पार होकर 82 हजार के करीब पहुंच गया है। धनतेरस से पहले सोना 81 हजार था, दिवाली में सोने की डिमांड ने ऐसा जोर पकड़ कि, कीमत 82 हजार तक पहुंच गया। सोने के महंगे होने के चलते जहां मध्य वर्ग की कमर टूटी रही, वही इसकी खरीदी आम आदमी की पहुँचे से दूर हो गई है। इस बार धनतेरस में ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 18 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने पड़ रहे है। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें तो यानी दो साल में कीमत में 31 हजार का इजाफा हुआ है। इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। चांदी भी धनतेरस से पहले एक लाख हो गई थी। सोने और चांदी की कीमत रोज बदल रही है। इस बार कीमत में कुछ ज्यादा ही इजाफा हो रहा है।

- सोना अब 80 हजार व चांदी एक लाख से पार

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## कबीरपंथ के उदितमुनि पर हमले की निंदा

### दोषियों पर करें कड़ी कार्रवाई : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बलौदाबाजार जिले में स्थित दामाखेड़ा में कबीरपंथ के सर्वोच्च धर्मगुरु प्रकाशमुनि साहेब के पुत्र उदयमुनि पर जानलेवा हमले की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं के दल ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में दामाखेड़ा पहुंचकर गुरु प्रकाशमुनि से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली।



प्रदेश में शनिवार को कांग्रेस ने जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन में बीती रात कबीर आश्रम दामाखेड़ा पर वंशाचार्य उदितमुनि साहेब पर हमले को शामिल किया है। यह प्रदर्शन बलरामपुर की घटना और कानून व्यवस्था को लेकर किया जा रहा है। भाजपा सरकार में संत समाज व धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं होने का कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दामाखेड़ा की घटना पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, घटना अत्यंत ही निंदनीय है। बलौदाबाजार जिले की धरती, सतनाम एवं सत्यनाम कबीरपंथ के आदर्शों के लिए जानी जाती है, जो पूरे देश-विदेश के आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा, दामाखेड़ा आश्रम में उपद्रवियों ने जलता हुआ बम फेंककर अप्रिय घटना कारित करने का प्रयास किया है। शांति के पथ प्रदर्शक संत कबीर के आश्रम पर ये हमला इस बात का सूचक है कि भाजपा राज मे अपराधियों को कानून का जरा भी डर, भय नहीं रहा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

### अपराधियों के हौसले बुलंद : अमित

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। गृहमंत्री को स्वमेय ही अपना पद छोड़ देना चाहिए। भाजपा राज में आम जनता के साथ ही अब धार्मिक गुरु भी असुरक्षित हो गए हैं। उन पर हमले हो रहे हैं, जो चिंतनीय है। छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


समस्त अंचल वासियों को
दीपावली, देवउठनी पर्व
एवं
छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनीष झा
अध्यक्ष, भाजपा मण्डल डौण्डी


समस्त अंचल वासियों को
दीपावली, देवउठनी पर्व
एवं
छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत : मिथलेश निरोटी, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत बालोद


ओम गोलछा हरिभूमि परिवार, डौण्डी
समाचार ही नहीं, विचार भी
की ओर से समस्त अंचल वासियों को
छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
G 24 NEWS
सबसे तेज खबर
खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें : ओम गोलछा 9827804111, अनिल सुथार 9755034021, गोरेलाल सोनी 9753115003

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर में शार्ट सर्किट पांच वाहनों में लगी आग

**भिलाई।** बीएसपी क्वाटर में अचानक आग लगने से पांच वाहन जलकर खाक होने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर दमकल वाहन पहुचा। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि वाहनों में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 2, सड़क नंबर 16 के ब्लॉक 62 जीएच में आग लगने से पांच वाहन आग के चपेट में आ गए। जबतक दमकल वाहन मौके पर पहुचती वाहन बुरी तरह जल चुके थे। ब्लॉक में सभी लोग सुरक्षित मकान के बाहर निकल चुके थे। लेकिन ब्लॉक के ऊपर के मंजिल वाले घर में मुन्नी देवी नामक महिला और उनकी दो बेटियां फंस गई थीं। जिन्हें रेस्क्यू कर एक घंटे के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। लोगों का संदेह है कि असामाजिक तत्वों द्वारा वाहनों में आग लगाकर फरार हो गए होंगे। लेकिन पुलिस जांच के बाद ही आग लगने का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### जेल से छूटकर आए युवक की सुपेला में हत्या, आरोपी फरार

**भिलाई।** जेल से छूटकर आए युवक की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गौतम नगर सुपेला निवासी धीरज कुमार महानंद उर्फ टकला का घटना के एक घंटा पहले सुपेला तालाब के पास एक युवक से इसका विवाद हुआ था। उसके बाद लक्ष्मी नगर मार्केट कचरा घर के पास आपस में बैठकर आरोपियों के साथ बातचीत चल रहा था। इस दौरान आपस में धीरज का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने चाकू निकाल कर धीरज को घोंप दिया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल पहुचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए है। सुपेला पुलिस आरोपियों को खोज तक नहीं कर पाई है। सीएसपी तिवारी ने बताया कि धीरज का सुपेला थाना क्षेत्र में कोई मामला दर्ज नहीं है लेकिन बिलासपुर स्थित सरकंडा में हत्या के एक मामले में हाल ही में जेल से छूटकर आया था। विवाद की शिकायत पर पुलिस धीरज की तलाश कर रही थी। शव को पुलिस ने पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला के मरचूरी में रखवा दिया है।

### धूमधाम से की गई गौरी-गौरा की पूजा

**दुर्ग।** गौरी गौरा छत्तीसगढ़ में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है। यह पर्व पारिवारिक सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मनाया जाता है। गौरी और गौरा को शिव और पार्वती का रूप माना जाता है। इस त्योहार में महिलाएं विशेष रूप से पूजा-अर्चना करती हैं और मिट्टी के बर्तन में धान, अनाज और मिठाई भरकर पूजा करती हैं।

**पर्व :** शोभायात्रा निकालकर गांव का किया गया भ्रमण, तालाब पहुंचकर किया गया विसर्जन

# मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा त्योहार के अंतिम दिन किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

दीपोत्सव का पर्व दीपावली पर ग्राम मेढ़की में स्थापित धन की देवी मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को गाजे–बाजे के साथ तालाब में किया गया। इस दौरान युवक युवतियों और महिलाओं की टोली गाजे–बाजे की धून पर नचाते–थिरकते और मां लक्ष्मी के जयकारे का उद्घोष के साथ प्रतिमाओं को तालाब तक ले गए और विदाई गीत व आरती– मंगल के बाद प्रतिमा को विसर्जित किया।

इस दौरान प्रतिमा विसर्जन में शामिल युवा काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान ग्रामीणों ने द्वार–द्वार पर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। माँ लक्ष्मी की प्रतिमा को ट्रैक्टर पर रखा गया था। ट्रैक्टर के आगे जोत ज्वारा, डांग–डोरी व पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ माता सेवा मंडली द्वारा सेवा गीत गाया जा रहा था। वहीं, दर्जनों भक्त माता की भक्ति में लीन होकर झूपने लगे थे, जिन्हें ग्राम के बैगा द्वारा हूम-धूप देकर शांत कराया गया।

ग्राम में माँ लक्ष्मी की प्रतिमा को भ्रमण करवाने के बाद जयकारा लगाते हुए तालाब पहुंचकर पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण कर विधि विधान व आरती के बाद विसर्जित किया गया। इस दौरान धनराज गजपाल, भुखन लाल श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, अब्रेश हिरवानी, चंद्रेश हिरवानी, दिनेश गजपाल, संतोष पटेल, लालजी, लिखन साहू, विक्की भारदाज, श्याम लाल साहू, राजू साहू, बरातू साहू, बैगा नंदकुमार साहू, अभिजीत श्रीवास्तव, हेमंत साहू, तोमन साहू, चंद्रेश साहू, छबिल साहू, देवेंद्र साहू, सोनल भारद्वाज, भेष साहू, पीयूष साहू, अमोल साहू, ओंकार भारद्वाज सहित ग्रामीण महिलाए, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।







## कलंगपुर में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमा का किया विसर्जन




**बालोद/कलंगपुर।** पांच दिनों तक मनाया जाने वाला पर्व दीपावली कलंगपुर में धूमधाम से मनाया गया। ग्राम कलंगपुर में धनतेरस के दिन सुख समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी जी की मूर्ति की स्थापना कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। मां लक्ष्मी समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने पूरे पांच दिनों तक माता जी की सेवा की। उसके बाद 3 नवंबर को मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव में महिलाओं ने मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

अंचल में रविवार को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया भाई दूज

## बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर लगाया टीका, सुख-समृद्धि के साथ मांगी लंबी उम्र

**दल्लीराजहरा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए तिलक किया और आरती उतारी। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनके प्रति स्नेह और सुरक्षा का वचन दिया।

दल्लीराजहरा क्षेत्र में सुबह से ही बाजारों में भाई दूज की तैयारियों को लेकर रौनक देखी गई। मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर भीड़ रही, और लोगों ने बड़ी धूमधाम से इस पावन पर्व को मनाया। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर



तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, स्वास्थ्य, और समृद्धि की कामना करती हैं, जबकि भाई बहन की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लेते हैं। भाई दूज का पर्व दीपावली के दो दिन बाद आता है और यह भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते को सम्मानित करने का अवसर है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यमराज अपनी बहन यमुनाजी से मिलने आए थे। यमुनाजी ने उनका तिलक कर, उन्हें भोजन कराया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस प्रसंग से प्रेरित होकर भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है, जिसमें भाई-बहन का आपसी प्रेम और बंधन प्रगाढ़ होता है।



### ग्राम मुढ़िया में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बालोद।** आजाद चौक मुढ़िया में मां वैभव लक्ष्मी समिति द्वारा दीपावली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### खपरी ब में ग्रामीणों ने कराया कन्या भोज

**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में विराजित मां लक्ष्मी के हवन के बाद लक्ष्मी समिति के सदस्य व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गांव में रविवार को कन्या भोज कराया गया। इस अवसर पर कमलनारायण, हलधर, चोवा, दुष्यंत कुमार, लोकेंद्र लाल, समिति के समस्त सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।



## जनपद सदस्य आदित्य ने बोहारडीह के लोगों को दी पानी टैंकर की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

भाजयुमो ज़िला अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य ग़ुरूर आदित्य सिंह पीपरे ने अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोहारडीह में अपने जनपद निधि के 15 वित्त से 240000 की लागत से पानी टैंकर प्रदान किया।

आदित्य सिंह पीपरे ने मातर के शुभ अवसर पर पानी टैंकर का लोकार्पण कर ग्राम पंचायत बोहारडीह को सौंपा। यह सुविधा मिलने से ग्राम में हर्ष व्याप्त है। ग्राम वासियों ने कहा कि अब ग्राम में आपात स्थिति में व ग्राम में किसी बड़े आयोजन में बाहर से टैंकर नहीं मंगाना पड़ेगा। इससे ग्रामीणों का समय व पैसा बचेगा। इस अवसर पर सरपंच दीपक ठाकुर, सचिव भरत पटेल, हेमू नेताम, शतू ठाकुर, गोवर्धन साहू, विरेन्द्र नागवंशी, माखन साहू, छगन साहू, शतू साहू, यादव साहू, दीपक साहू, राजेंद्र साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## छेड़िया में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

नवजागरण कर्मचारी प्रकोष्ठ छेड़िया का प्रथम अधिवेशन दीपावली मिलन समारोह तथा कर्मचारी, सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन साहू सदन छेड़िया में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम के नवीन पदांकित कर्मचारी एवं सैनिकों, पूर्व सैनिकों व वरिष्ठ नागरिक जनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूरनलाल साहू, हेमू राम साहू, अध्यक्ष साहू संघ छेड़िया भगवान सिंह साहू, बनऊ राम ठाकुर, छगनलाल सोनबोईर, अध्यक्ष नवजागरण कर्मचारी प्रकोष्ठ गौतम राम साहू सहित उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को महेंद्र कुमार साहू, रोमनलाल साहू, मनोज सूर्यवंशी, डॉक्टर मुकेश साहू, छन्नूलाल सोनकातर ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में हरीश कुमार साहू, नामदेव साहू, चेमनलाल साहू, किशोर साहू, लिकेश कुमार साहू एवं गांव के नवजागरण कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारी बंधुओ का सहयोग रहा।



### एसआई के लिए हुआ डुंडेरा की बेटी देवकी का चयन

**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा की बेटी देवकी रावटे पिता अमरसिंह रावटे का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के तहत एसआई के लिए हुआ है। देवकी ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षों से भारतीय सेना व पुलिस भर्ती की तैयारी में जुटी हुई थीं। लगातार अथक परिश्रम से उन्होंने एसआई 2024 के परिणाम में उपलब्धि हासिल हुई।

## देश के जवानों के साथ दिवाली मनाने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात : बैस

■ कुसुमकसा में आज 70 सैनिकों का किया जाएगा सम्मान

**कुसुमकसा।** ग्राम कुसुमकसा में राम जानकी सेवा समिति ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में ग्राम के 70 सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम 4 नवंबर को शाम 7:30 बजे से कोठारी मैदान कुसुमकसा में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम फ़िल्मि स्टार सुनील तिवारी द्वारा रंगझांझर की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल और एसपी एसआर भगत होंगे, अध्यक्षता सरपंच कुसुमकसा शिवराम सिंद्रामें करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नूरेटी, जनपद सदस्य संजय बैस, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुधार, गौरी शंकर साहू होंगे। एक शाम वीर सैनिकों के नाम इस थीम के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। जो देश की रक्षा के लिए अपने जान की बाजी लगा देते हैं। ऐसे वीर सैनिकों को त्योहारों में कई बार छुट्टी भी नसीब नहीं होती। फिर भी वे परिवार से दूर रहकर देश की रक्षा करते रहते हैं, ताकि देश की जनता चैन की नींद सो सके और सुरक्षित रहे। जनपद सदस्य संजय बैस ने इस आयोजन में सभी को सपरिवार आमंत्रित करते हुए कहा कि ग्रामीणों द्वारा साथ मिलकर सेवानिवृत्त व वर्तमान सैनिकों के परिजनों और सैनिकों का सम्मान किया जा रहा है, यह गर्व से सीना चौड़ा कर देने वाला पल होगा। उन्होंने कहा कि अपनों के साथ तो दिवाली हर कोई मानता है, परंतु जब देश के जवानों के साथ त्यौहार मनाने का अवसर मिले, तो उसकी बात ही कुछ और है।

### महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती किए गए याद

**दुर्ग।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में शारदीय नवसस्येष्टि दीपावली पर्व नई फसल की आहुति दे कर मनाया गया।मुख्य यजमान आर्य वीर दल सेक्टर 6 के अधिष्ठाता राज कुमार भल्ला रहे। यज्ञ के ब्रह्म आचार्य दिलीप रहे।इस अवसर पर आर्य समाज के पूर्व मंत्री नरेन्द्र आर्य ने युवाओं को कैरियर टिप्स दिए। आर्य समाज के मंत्री मनोज आर्य ने अपने गुरुकुल जाने के अनुभव साझा किया।आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती को स्मरण किया ।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर – मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

राज्य स्थापना दिवस पर आत्मानंद विद्यालय में हुईं विविध प्रतियोगिताएं

## छत्तीसगढ़ी व्यंजन, ड्राइंग, निबंध, क्विज तथा लोक नृत्यों में विद्यार्थियों ने किया शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन, ड्राइंग, निबंध, क्विज प्रतियोगिता एवं लोकगीत, लोकनृत्य, लोकनाट्य सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक सुरभि का आयोजन किया। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति एवं पारंपरिक विरासत के मूल्यों को सहेजकर रखने का यह महत्वपूर्ण पर्व है। हमें अपने राज्य के गौरव एवं स्वाभिमान का सम्मान करना चाहिए। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति में सुआ





नृत्य भूमिका, तृप्ति, तारिणी, तमन्ना, राऊत नाचा मितांशु, कुणाल, लक्ष्य, पूष्पेंद्र, रोमन, हिमांशु गौरा गौरी आंगा देवता का प्रदर्शन तुषार एवं साथी एकल नृत्य कल्पना, खुशी, निखिल निषाद सामूहिक नृत्य ईशिता, निशा एवं साथी सुआगीत वंदना, वर्षा जसगीत लावण्या एवं साथी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन में टुमन चंद्राकर, मिहिर भारती, वाणी मिश्रा, नीतू साहू, वैभव सोनी गीतिका, डालिमा, प्रेरणा ने स्वादिष्ट पकवान फरा, चौसेला, ठेठरी, चीला, सलगा बरा, अंगाकर रोटी, दुधफरा बनाकर पाककला का प्रदर्शन किया। ड्राइंग और चित्रकला में अंश दुबे ने छत्तीसगढ महतारी, नम्रता, निधि, पूजा, रौशनी, शिखा, सान्या, प्रयांशी, डालिमा, घनश्याम ने पारंपरिक दृश्य का रेखांकन किया। निबंध में डेविड, शेखर प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। शिक्षक स्टाफ में रूख्मणी ठाकुर, हर्षा ठक्कर, अर्चना साहू, पुष्पांजलि पाण्डेय, मनोरमा कुंभज, नीलम पाण्डेय, सुषमा तिवारी, टीएस मंडावी, चेतन यादव ने सहयोग प्रदान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


4 रात व 5 दिन
Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411